



# बारिश बनी आफत : उफनी नदियाँ, अधूरे पुल में बही उम्मीदें



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 23 अगस्त।** दो दिनों से लगातार बरस रही बारिश ने शिवपुरी की रफ्तार थाम दी है। नदी-नाले रौद्र रूप में हैं, खेत-खलिहान डूबे हैं और घरों तक पानी घुस आया है। अटल सागर बांध (मड़ीखेड़ा) के 6 गेट खोलकर 1802 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। प्रशासन ने अलर्ट जारी किया है, लेकिन हालात हर घंटे और चुनौतीपूर्ण होते जा रहे हैं। प्रशासन की अपील साफ है कि उफनते नाले और रपटों को पार न करें, क्योंकि जरा सी लापरवाही जिंदगी पर भारी पड़ सकती है।

पिछोर के गुरु कुदवाया गांव में एक ट्रैक्टर चालक ने उफनते नाले में ट्रॉली उतार दी। ट्रॉली में सवार ग्रामीण तो किसी तरह बच निकले, लेकिन यह नजारा बारिश के खौफ का सबूत बन गया।

खोड़-मायापुर मार्ग पर महुअर नदी उफान पर है। पुराने पुल पर पानी भर गया तो लोग निर्माणाधीन पुल पर सीढ़ी लगाकर चढ़ रहे हैं। कई लोग सीधे पानी में उतरकर रास्ता पार करने की कोशिश कर रहे हैं। एक शिक्षक अनिल कुमार लोधी तो स्कूल ही नहीं पहुंच पाए।

खनियाधाना के पहाड़खुर्द गांव में तालाब का पानी उफन पड़ा। गांव के हनुमान मंदिर निर्माण के लिए लाई गई सामग्री बह गई। आस्था की ईंटें भी बारिश की धार में बह गईं।



**बारिश में ढहा घर, मुआवजे की आस:** नगर परिषद के वार्ड नं. 12 की 70 वर्षीय दांती जाटव का घर, जिसमें पीढ़ियों की यादें बसती थीं, पिछले महीने हुई तेज बारिश में ढह गया। अब वह अपने घर की राख में खोई यादों और मुआवजे की उम्मीद के साथ भटक रही हैं।

दांती जाटव ने बताया कि तहसील में मुआवजे के लिए आवेदन दिया था, लेकिन पटवारी मौके पर नहीं पहुंचे। आज उन्होंने एसडीएम करेरा अजय शर्मा को आवेदन सौंपते हुए मदद की गुहार लगाई। एसडीएम ने बुजुर्ग महिला को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। स्थानीय लोग कहते हैं कि 70 की उम्र में भी बुजुर्गों को अपने ही घर और मुआवजे के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है, जो प्रशासन की धीमी कार्यवाही पर सवाल उठाता है।

## गर्भवती महिला को प्रसव के लिए घुटने तक पानी से ले जाना पड़ा, मरीजों की परेशानी बढ़ी



**शिवपुरी।** तहसील स्थित खरई गांव का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में बारिश के कारण पानी भर गया। अस्पताल परिसर में जमा पानी के कारण मरीजों और उनके परिजनों को मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार को छीपौल गांव से एक प्रसूता को डिलीवरी के लिए अस्पताल लाया गया। परिजनों को उसे घुटनों तक भरे पानी से होकर अस्पताल के अंदर ले जाना पड़ा। स्थानीय निवासी धर्मेंद्र ने बताया कि उनके परिवार की महिला भी प्रसव के लिए भर्ती है। अस्पताल आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जमा पानी की वजह से सर्दी-जुकाम के मरीजों की तकलीफें बढ़ गई हैं। साथ ही मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, पहले तालाब का पानी बाहर निकल जाता था। लेकिन निकासी बंद होने से अब पानी अस्पताल परिसर में भर रहा है। अगर और बारिश हुई तो अस्पताल के अंदर तक पानी पहुंच सकता है। कोलारस के बीएमओ डॉ. संजय राठौर ने कहा कि पानी निकासी के लिए एसडीएम को पत्र भेजा गया है। नायब तहसीलदार और सरपंच को भी इस समस्या से अवगत करा दिया गया है।



## केंद्रीय मंत्री सिंधिया की डबल सौगात : बच्चों को शिक्षा, मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएँ

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 23 अगस्त।** 22 वर्षों से चली आ रही केंद्रीय विद्यालय की मांग पूरी होने के बाद आज पथरिया स्थित नवीन केंद्रीय विद्यालय में बच्चों और अभिभावकों के चेहरे खिल उठे। केंद्रीय मंत्री और गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने विद्यालय का दौरा किया और छात्रों को वाटर प्यूरीफायर, कंप्यूटर सिस्टम, खेल सामग्री, संगीत यंत्र और पुस्तकालय की किताबें भेंट कीं।

विद्यालय आगमन पर विद्यार्थियों ने बैंड, धुन और सरस्वती वंदना के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया। मंत्री ने कक्षाओं और एक्टिविटी रूम का भ्रमण कर बच्चों से संवाद किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। 196 विद्यार्थियों के इस विद्यालय का संचालन स्थायी भवन बनने तक डायट भवन से होगा। सिंधिया ने शिक्षा के साथ स्वास्थ्य क्षेत्र में भी डबल सौगात दी। अपनी सांसद निधि से जिला चिकित्सालय अशोकनगर को 32 लाख रुपए की अत्याधुनिक एंबुलेंस और सिविल अस्पताल चंदेरी को 18 लाख रुपए की बेसिक लाइफ़ सपोर्ट एंबुलेंस प्रदान की, जिन्हें हरी झंडी दिखाकर जनता को समर्पित किया गया। सिंधिया ने कहा कि बच्चों को आधुनिक साधनों से शिक्षित करना और मरीजों को समय पर स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाना ही असली विकास है। 22 साल पुरानी मांग को पूरा कर उन्होंने न केवल बच्चों का भविष्य संवारने का सपना पूरा किया, बल्कि क्षेत्र की स्वास्थ्य सुविधाओं में भी महत्वपूर्ण सुधार किया।

## तालाब में गोवंश की मौतें थम नहीं रहीं ग्रिल लगाओ वरना अनशन करेंगे



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 23 अगस्त।** तालाब पर सुरक्षा ग्रिल न होने से गोवंश लगातार तालाब में गिरकर अपनी जान गंवा रहे हैं। अब गौ सेवक कल्लू महाराज ने आवाज बुलंद करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से गुहार लगाई है कि दिनारा तालाब पर जल्द से जल्द ग्रिल लगवाई जाए, ताकि इन हादसों पर रोक लग सके।

कल्लू महाराज ने बताया कि यह समस्या बीते 4 साल से बनी हुई है। भाजपा जिलाध्यक्ष जसवंत जाटव और विधायक रमेश खटीक को भी अवगत कराया गया था, लेकिन अब तक समाधान नहीं निकला। उन्होंने साफ चेतावनी दी कि अगर जनप्रतिनिधि और प्रशासन नहीं जागे तो वे ग्रामीणों के साथ अनशन पर बैठेंगे और इसकी जिम्मेदारी सरकार व स्थानीय जनप्रतिनिधियों की होगी। कल्लू महाराज ने कहा कि यदि तालाब पर ग्रिल नहीं लगाई गई और किसी गोवंश या बच्चे की जान गई, तो अनशन ही हमारा आखिरी रास्ता होगा।

तालाब के पास स्थित तोर मोदी स्कूल में रोजाना सैकड़ों बच्चे पढ़ाई के लिए आते हैं। कल्लू महाराज ने आशंका जताई कि अगर कोई बच्चा तालाब में गिर गया तो यह बड़ा हादसा हो सकता है। ऐसे में प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की लापरवाही माफ नहीं की जाएगी।

इस मुद्दे पर ग्रामीण भी एकजुट होकर खड़े हो गए हैं। लोकेंद्र सिंह सिसोदिया, शीशपाल सिंह यादव, सोनू केवट, सत्यम पाठक, संजू ठाकुर, जितेंद्र लोधी, अजय लोधी और जयराम लोधी सहित कई ग्रामीणों ने तालाब पर ग्रिल लगाने की मांग की है।

## सुंदरकांड से गूंजी सियासत, पार्षद अडिग

**25 अगस्त को नपाध्यक्ष की कुर्सी पर फैसला**

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 23 अगस्त।** नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की आहट तेज हो चुकी है। शनिवार को 11 पार्षद करैरा स्थित बगीचा सरकार हनुमान मंदिर पहुँचे और अध्यक्ष को हटाने के संकल्प को और मजबूत करते हुए सुंदरकांड पाठ किया। यह कोई नई कड़ी नहीं है कि पहले भी 20 पार्षद इसी मंदिर में कसम खा चुके थे। इसके बाद 22 पार्षदों ने कलेक्टर को लिखित आवेदन सौंपकर गंभीर आरोप लगाए, जिनमें बैठकों का न होना, फर्जी भुगतान, पेंशन घोटाला और पारदर्शिता का अभाव शामिल हैं।

अध्यक्ष की कुर्सी बचाने को भाजपा ने मोर्चा खोला है। शुक्रवार रात जिलाध्यक्ष जसवंत जाटव, विधायक देवेंद्र जैन और पूर्व जिलाध्यक्ष राजू बाथम ने बागी पार्षदों से मुलाकात की, लेकिन पार्षद अपने फैसले पर अड़े रहे। अब सबकी निगाहें 25 अगस्त पर हैं। इसी दिन कलेक्टर कार्यालय में पार्षदों की पहचान दस्तावेजों से होगी और इसके बाद तय होगा कि शिवपुरी नगर पालिका की राजनीति में बड़ा उलटफेर होगा या नहीं।



**नपा का नया सियासी गणित : 39 पार्षद, 47 हस्ताक्षर**

नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा को हटाने की मुहिम में बागी पार्षदों ने 31 हस्ताक्षरों वाला पत्र भाजपा जिलाध्यक्ष को सौंपा, जबकि नपाध्यक्ष ने 16 पार्षदों के हस्ताक्षर पेश कर समर्थन का दावा किया। लेकिन नपा में कुल 39 पार्षद हैं, जबकि सामने आ गए 47 हस्ताक्षर। यानी कुछ पार्षदों ने दोनों पक्षों में हस्ताक्षर कर दिए। अब जांच होगी कि कौन किसके साथ है। जनता पूछ रही है कि जहां 39 सदस्य हों, वहां 47 हस्ताक्षर कैसे? यह राजनीति है या गणित का नया खेल? कुर्सी की लड़ाई ने पार्षदों को सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया है।

### शराब के लिए पैसे न देने पर अधेड़ को पीटा, 3 युवक बेहोशी की हालत में छोड़कर भागे

**शिवपुरी।** रातौर गांव में शराब के लिए पैसों की मांग को लेकर एक व्यक्ति के साथ मारपीट की गई। घटना शुक्रवार रात की है। रातौर निवासी सीताराम जाटव चौपाल पर सो रहे थे। इसी दौरान गांव के दीपक जाटव, करण जाटव और एक अन्य व्यक्ति वहां पहुंचे। तीनों ने सीताराम से शराब के लिए पैसे मांगे। सीताराम ने पैसे देने से मना कर दिया। इस पर तीनों आरोपी उन्हें चौपाल से खींचकर आंगनवाड़ी ले गए। वहां उन्होंने सीताराम की पिटाई कर दी। मारपीट इतनी ज्यादा हुई कि सीताराम बेहोश हो गए। सुबह होश आने पर सीताराम घिसटते हुए चौपाल तक पहुंचे। परिजनों को जब इस घटना की जानकारी हुई तो वे उन्हें लेकर कोतवाली थाने पहुंचे। पीड़ित के भाई राकेश जाटव ने पूरी घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने घायल सीताराम को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## थ्री-व्हीलर ऑटो में आग लगाई, 4 पर एफआईआर

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 23 अगस्त।** सुमावली पुलिस ने दो नामजद सहित दो अज्ञात लोगों के विरुद्ध थ्री-व्हीलर ऑटो वाहन में आग लगाए जाने की एफआईआर दर्ज की है। जानकारी के अनुसार रामकिशोर कुशवाह पुत्र राधेश्याम कुशवाह नि. रूअर मैनाबसई की थ्री-व्हीलर ऑटो क्रं. एमपी06-जेडएफ-6417 में गोकुल पुत्र गोदना कुशवाह, प्रदीप पुत्र गोदना कुशवाह और दो अज्ञात निवासीगण बगियापुरा ने 21 अगस्त को आग लगा दी। जिससे ढाई लाख कीमती ऑटो जलकर राख हो गई थी।

**इलेक्ट्रिक मथनी से करंट लगने से महिला की मौत:** सुमावली क्षेत्र के ग्राम टिकटौली में रहने वाली महिला अनीता गुर्जर 25 पत्नी नीरज सिंह गुर्जर 22 अगस्त की सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे अपने घर में इलेक्ट्रिक मथनी की मदद से दही को मथकर घी निकाल रही थी। इसी दौरान मथनी में प्रवाहित हो रहे करंट से उसे जोरदार झटका लगा और चीख निकलने के बाद वो अचेत हो गई। घर में मौजूद लोगों ने उसे तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

**एक्सीडेंट में जख्मी वृद्ध की उपचार के दौरान मौत:** सबलगढ़ थाना क्षेत्र में विगत 6 अगस्त को एक रोड एक्सीडेंट में रामदयाल जाटव 60 पुत्र पुत्तूराम जाटव नि. खेरला बुरी तरह जख्मी हो गया था। उसे ग्वालियर में एक निजी हॉस्पीटल में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान रामदयाल की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

## शिवपुरी ने लिखा इतिहास : देश की पहली क्लाइमेट-फ्रेंडली माहवारी पहल शुरू



**200 आदिवासी किशोरियों को दी गई बाला किट, स्वच्छता और पर्यावरण का नया मुकाम**

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 23 अगस्त।** शिवपुरी जिले ने आज देश में पहली बार माहवारी स्वच्छता और पर्यावरण की सोच को जोड़ते हुए अनोखी पहल की शुरुआत की। शासकीय कन्या शाला परिसर में आयोजित उड़ान नवाचार कार्यक्रम के तहत 200 आदिवासी किशोरियों को पुनः प्रयोज्य माहवारी किट यानी बाला किट वितरित की गई, जो दो साल तक इस्तेमाल की जा सकेगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय ऋषिस्वर ने कहा कि माहवारी स्वच्छता केवल लड़कियों का मुद्दा नहीं, यह स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यावरण से जुड़ा एक वैश्विक मिशन है। आज शिवपुरी ने उस मिशन की शुरुआत की। संयोजक रवि गोयल ने बताया कि जिले की लगभग 30 हजार किशोरियों तक किट पहुँचाने का लक्ष्य है। प्रथम चरण में वितरण के साथ आयोजित जागरूकता सत्र में बच्चियों को स्वच्छता, मानसिक स्वास्थ्य और माहवारी पर खुलकर बातचीत करने का मौका मिला। विद्यालय प्राचार्य प्रदीप कुमार झा ने कहा कि यह कदम लड़कियों को आत्मनिर्भर बनने और अपनी उड़ान भरने की दिशा में प्रेरित करेगा। इस पहल के जरिए शिवपुरी बन रहा है भारत का पहला क्लाइमेट-फ्रेंडली जिला जहाँ किशोरियों को सुरक्षित, किफायती और पर्यावरण-अनुकूल माहवारी समाधान मिलेंगे। स्कूल स्टाफ और महिला संगठन की टीम ने इस अभियान में पूरी तरह सहयोग किया।

## आदि कर्मयोगी अभियान की तीन दिवसीय कार्यशाला



**जनजातीय सशक्तिकरण की दिशा में हुआ बड़ा आयोजन, अधिकारियों ने दिया मार्गदर्शन**

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 23 अगस्त।** भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय के आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जिले में 20 से 22 अगस्त तक तीन दिवसीय डिस्ट्रिक्ट प्रोसेस लैब एवं प्रशिक्षण कार्यशाला का सफल आयोजन नक्षत्र गार्डन शिवपुरी में किया गया। कार्यशाला में ग्रामीण विकास, वन, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, शिक्षा तथा जनजातीय कार्य विभाग के जिला अधिकारियों के साथ-साथ खण्ड स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स और चयनित एनजीओ प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिला मास्टर ट्रेनर्स ने विविध गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों को अभियान से जुड़ी आवश्यक जानकारी और प्रशिक्षण प्रदान किया। समापन समारोह में कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी, पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़, वनमण्डलाधिकारी सुंधाशु यादव एवं जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे। अधिकारियों ने प्रशिक्षणार्थियों से संवाद कर अभियान को खंड और ग्रामीण स्तर तक प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए मार्गदर्शन दिया और प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए। समापन पर जिला संयोजक, जनजातीय कार्य विभाग शिवपुरी ने सभी विभागीय अधिकारियों एवं मास्टर ट्रेनर्स का आभार व्यक्त करते हुए कार्यशाला को सफल घोषित किया।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर होगी जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 23अगस्त।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 28.08.2025 को नगर निगम, ग्वालियर एवं जिला तैराकी संघ के संयुक्त तत्वाधान में तरण पुष्कर पर जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता का आयोजन विभिन्न आयु वर्ग जैसे अण्डर-6, अण्डर-8, अण्डर-10, अण्डर-12, अण्डर-14, अण्डर-17 तथा ओपन वर्ग के बालक एवं बालिकाओं के मध्य विभिन्न विद्याओं जैसे फ्रीस्टाईल, बरफ्लाई, बैकस्ट्रो एवं ब्रेस्टस्ट्रोक में किया जा रहा है। जिला तैराकी संघा एवं नगर निगम, ग्वालियर के मध्य मैत्रीपूर्ण वाटरपोलो मैच का आयोजन भी किया जावेगा। नोडल अधिकारी, खेल विभाग, श्री सत्यपाल सिंह चौहान के द्वारा बताया गया कि प्रतियोगिता में विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को मैडल, सर्टिफिकेट एवं पारितोषक का वितरण किया जावेगा, प्रतियोगिता के आयोजन हेतु जिला तैराकी संघ को भी आमंत्रित किया गया है, प्रतियोगिता में भाग लेने वाले इच्छुक प्रतिभागी तरण पुष्कर से फार्म प्राप्त कर दिनांक 27.08.2025 तक कार्यालय में जमा कर सकते हैं। प्रतियोगिता के संबंध में अधिक जानकारी हेतु श्री अयोध्याशरण शर्मा, सहायक खेल अधिकारी मोबा. 7999067627 से सम्पर्क कर सकते हैं।

## मेडिकल बेस्ट सड़क पर डालने एवं गोबर नाली में बहने पर वसूला जुर्माना

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 23 अगस्त।** नगर निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ निरंतर जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। इसके साथ ही आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वैभव श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार निगम अमले द्वारा निरंतर अभियान चलाया जाकर गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत स्वास्थ्य अधिकारी श्री किशोर चौहान के निर्देशन में वार्ड क्रमांक 55 हजार बिस्तर हॉस्पिटल रोड के निरीक्षण के दौरान रेडक्लिफ पैथोलॉजी लैब के संचालक राम धाकड़ द्वारा मुख्य मार्ग पर मेडिकल बेस्ट फेंकने पर मेडिकल संचालक से 2000 रुपए का जुर्माना वसूला। वहीं वार्ड क्रमांक 46 में नाली में गोबर बहाने पर डेयरी संचालकों श्री मदन गोपाल पाल, श्री राहुल पाल, श्री रामू पाल से 6000 रुपए का जुर्माना वसूला गया कार्रवाई में मुख्य रूप से सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री जोगेंद्र यादव जी, दक्षिण फ्लाइंग एस्कॉर्ट्स प्रभारी श्री धर्मेंद्र धीरज धौलपुरिया, क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकारी श्री विजय कुमार, वार्ड हेल्थ ऑफीसर श्री रवि गोहर, श्री अशोक कुमार, श्री मोनू बाल्मिक, श्री प्रदीप राज चौहान आदि उपस्थित रहे।

## सुगम यातायात के लिए अनेक स्थानों से हटाया अतिक्रमण

**ग्वालियर।** नगर निगम के मदाखलत अमले द्वारा सुगम यातायात के लिए वह शहर के विभिन्न स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इसके साथ ही दुकानदारों को यातायात बाधित न करने की चेतावनी दी गई। उपायुक्त श्री सत्यपाल सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशन में मदाखलत अधिकारी श्री केशव सिंह चौहान, सहायक नोडल अधिकारी श्री सतेंद्र भदौरिया द्वारा पूर्व विधानसभा अंतर्गत विवेकानंद चौराहा से थाटीपुर चौराहा तक यातायात अवरुद्ध कर रहें हाथ ठेले वालो को हटाया जाकर जप्त किया गया। इसके साथ ही उक्त स्थल पर दुकानों के बाहर रखा सामान हटाया जाकर सामान जप्त करने की कार्यवाही की गई। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत एलॉट दुकानों के बाहर कुछ लोगो द्वारा फुटपाथ पर सामान रख कर अस्थाई अतिक्रमण किया गया था जिसको हटाया जाकर सामान जप्ती की कार्यवाही की गई। साथ ही फूलबाग स्थित चौपाटी के सामने मुख्य मार्ग पर यातायात अवरुद्ध कर रहें हाथ ठेले वालो को हटाया जाकर सामान जप्ती की कार्यवाही की गई।

## आनंद पर्वत के साथ ही पार्कों एवं डिवाइडरों पर रोपे पौधे

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 23 अगस्त।** शहर हरा भरा रहे इसके लिए नगर निगम द्वारा अमृत हरि महाअभियान अंतर्गत शहर में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है।

नोडल अधिकारी पार्क श्री मुकेश बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार शहर में पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत वार्ड 66 में ग्राम तिलैथा में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से गांव में 270 पौधों का रोपण किया गया। इसके साथ ग्वालियर किले पर भी बृहद स्तर पर पौधारोपण किया गया।

इसके साथ ही वार्ड क्रमांक 27 अंतर्गत उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 में पौधारोपण क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, प्राचार्य, स्कूल के छात्र, क्षेत्राधिकारी, राजस्व टीसी और और क्षेत्रीय कार्यालय के स्टाफ द्वारा किया गया। साथ ही वार्ड 07 अचलेश्वर बिहार पार्क में पौधारोपण कराया गया। अमृत हरित महा अभियान 2025 के तहत पुरानी छावनी चौराहा से मोतिझील तक डिवाइडर पर 1000 पौधों का पौधरोपण किया गया।

साथ ही उद्यान विभाग नगर निगम ग्वालियर और राम आस्था मिशन द्वारा पूर्व महापौर स्व. श्री नारायण कृष्ण शेजवलकर जी की 25 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर वृहद वृक्षारोपण किया गया । जिसमे शीशम, नीम, पीपल, , अनार, जामुन, बरगद, कचनार, अमलतास, अर्जुन आदि के 700 पौधे आनंद पर्वत पर लगाए गए। पर्वत पर पौधारोपण से मिट्टी कटाव तो रुकेगा ही साथ ही हमें स्वच्छ हवा भी मिलेगी।

